**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम में सेरेंगसिया शहीद स्मारक स्थल में वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा–सरकार जल्द बताएगी कहां खर्च करनी है मंईयां सम्मान योजना की राशिः**

2. **केंद्रीय बजट पर मुख्यमंत्री ने दी प्रतिक्रिया, कहा– देश के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है झारखंड, लेकिन राज्य के हिस्से कुछ भी नहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने बजट की तारीफ की।**

3. **प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से रेलवे कल चलाएगा चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाड़ियां, लाखों श्रद्धालुओं की यात्रा होगी सुलभ, बसंत पंचमी पर तीसरा अमृत स्नान कल।**

4. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की दी बधाई, राज्य में आज और कल, दोनों दिन हो रहा पूजा का आयोजन।**

5. **भारत ने लगातार दूसरी बार जीता आईसीसी अंडर–19 महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीत पर भारतीय टीम को दी बधाई।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को जो हर महीने **मंईयां सम्मान योजना** के तहत ढ़ाई–ढ़ाई हजार रुपये दिए जा रहे हैं, उसे कैसे और कहां खर्च करना है, इसके बारे में भी सरकार बहुत जल्द बताएगी। श्री सोरेन आज पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगसिया फुटबॉल मैदान में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया शहीद स्मारक स्थल में माल्यार्पण कर ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ वर्ष 1837 विद्रोह के महानायकों और अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड देश के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन केंद्रीय बजट में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया। केंद्र की भाजपा नीत सरकार की आलोचना करते हुए श्री सोरेन ने आज चाईबासा में कहा कि झारखंड और इसकी आदिवासी आबादी के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि वे झारखंड के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की तारीफ की।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 15 फरवरी को रांची में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन करेंगी। यह समारोह 15 जुलाई तक चलेगा।

*******************

बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तीसरा अमृत स्नान कल होगा।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की बधाई दी है। इधर, राज्य में सरस्वती पूजा का आयोजन आज और कल, दोनों दिन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने

बसंत पंचमी के अवसर पर आज घोषित अवकाश के बदले कल कार्यपालक आदेश के तहत छुट्टी की घोषणा की है।

******************

देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती समारोह के अवसर पर 15 फरवरी से 15 मार्च तक झारखंड के सभी जिलों में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रांची से भारतीय जनता पार्टी के विधायक सीपी सिंह ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।

******************

जामताड़ा जिले के सभी छह प्रखंडों में आज मेगा विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिनव कुमार ने बताया कि शिविर में लोगों को आवश्यक कानूनी जानकारियां देकर उन्हें जागरूक करने की भी कोशिश की गयी।

******************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का दुमका स्थित क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र संताल परगना में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयत्नशील है।

******************

जमशेदपुर में आज मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने इसका उद्घाटन किया। इस दौड़ में पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

******************

भारत ने आईसीसी अंडर–19 महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया है। क्वालालाम्पुर में आज फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। नारी शक्ति पर गर्व करते हुए अपने सन्देश में उन्होंने कहा है कि यह जीत उत्कृष्ट टीम वर्क के साथ–साथ दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है।

******************

जमशेदपुर में इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में आज जमशेदपुर एफसी का सामना एफसी गोवा से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

*******समाप्त*******